ADVERTISEMENT

Ad



# देश में फर्टिलाइजर और सल्फर के प्रोडक्शन के लिए वेदांता का बड़ा प्लान, अनिल अग्रवाल ने दी प्रोजेक्ट की जानकारी

योजना के अनुसार देश में ही फर्टिलाइजर के लिए जरूरी कच्चा माल तैयार करने से फर्टिलाइजर को लेकर देश की आयात पर निर्भरता कम हो सकेगी और किसानों को जरूरी फर्टिलाइजर समय पर मिल सकेगा.

By Saurabh Sharma
October 23, 2026, 2:01:29 PM IST (Updated)





दुनिया भर में जारी सल्फर की कमी के बीच वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने अपनी नई योजना की जानकारी दी है. अनिल अग्रवाल के मुताबिक ये योजना किसानों के हितों के लिए है. उनके मुताबिक ये योजना फर्टिलाइज और सल्फर के प्रोडक्शन से जुड़ी है. सल्फर फर्टिलाइजर के प्रोडक्शन के लिए बेहद अहम कच्चा माल है. चेयरमैन ने इसके साथ ही भारत की उर्वरक सुरक्षा मजबूत करने और किसानों के हितों की रक्षा के लिए तत्काल और मिल जुल कर कदम उठाने पर जोर दिया है.

ADVERTISEMENT

Ad

फोटो गैलरी

Smallcap Stocks: 2 की सबसे बड़ी गिरावट स्मॉलकैप इंडेक्स, इन 6
Oct 23, 2026 12:24 P

Stocks to Watch fo October 23: Swigg India, HPCL समेत इ
Oct 22, 2026 10:42 P

दर, जान कौन सी एफड
Oct 22, 2026 7:24 P

Currency

| Currency | Price |
|---|---|
| Dollar-Rupee | 95.17 |
| Euro-Rupee | 109.9 |
| Pound-Rupee | 127.4 |

ADVERT

**क्या दी जानकारी**

एक्स के जरिए कृषि के लिए आवश्यक इनपुट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देते हुए, चेयरमैन ने वेदांता की 15 लाख टन प्रति वर्ष (1.5 MTPA) क्षमता वाली एक खास फर्टिलाइजर प्रोजेक्ट की योजना की बात की. उन्होने उर्वरकों के साथ-साथ, इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट के तहत बड़े पैमाने पर सल्फर और रॉक फॉस्फेट का उत्पादन करने की भी बात की है. रॉक फॉस्फेट फर्टिलाइजर निर्माण का एक प्रमुख कच्चा माल है, जिसके लिए भारत वर्तमान में आयात पर निर्भर है.

**TRADE SETUP** *October 23, 2026 3:30 PM*

**TOP GAINERS** TOP LOSERS MOST ACTIVE Nifty 500

| Name | ₹ Value | Chg | Chg% |
|---|---|---|---|
| CYIENT | 1,225.80 | ▲82.10 | ▲7.18 |
| IGIL | 375.40 | ▲22.20 | ▲6.29 |
| ETERNAL | 316.60 | ▲12.15 | ▲3.99 |

देश में ही फर्टिलाइजर के लिए जरूरी कच्चा माल तैयार करने से फर्टिलाइजर को लेकर देश की आयात पर निर्भरता कम हो सकेगी और किसानों को जरूरी फर्टिलाइजर समय पर मिल सकेगा. परियोजना के राष्ट्रीय महत्व को रेखांकित करते हुए अनिल अग्रवाल ने कहा कि देश के किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर किसी भी चुनौती का सामना नहीं करना चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से परियोजना के रास्ते में आने वाली अनुपालन, तकनीकी और अन्य चुनौतियों का युद्धस्तर पर समाधान करने का आह्वान किया.

**क्या कहा चेयरमैन ने**

अनिल अग्रवाल ने कहा, "इस परियोजना में निजी हित नहीं, राष्ट्र के हित है. हमें इस संयंत्र को पूरा करना ही होगा, ताकि हम अपने किसानों की सेवा कर सकें और आयात पर अनावश्यक निर्भरता कम करने में मदद क

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उर्वरकों और उनके महत्वपूर्ण कच्चे माल का घरेलू उत्पादन मजबूत करना एक अधिक सक्षम और लचीली कृषि व्यवस्था के निर्माण के लिए आवश्यक है. सल्फर और रॉक फॉस्फेट की घरेलू उपलब्धता बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता से उत्पन्न जोखिमों को कम करने और भारतीय कृषि के दीर्घकालिक हितों को समर्थन देने में मदद मिल सकती है.

(डिस्क्लेमर: CNBC TV18 हिंदी/ CNBC आवाज पर दी गई सलाहें या विचार एक्सपर्ट, ब्रोकरेज फर्म के अपने निजी विचार हैं, वेबसाइट या मैनेजमेंट इसके प्रति जिम्मेदार नहीं है. निवेश से पहले अपने वित्तीय सलाहकार या सर्टिफाइड एक्सपर्ट से राय जरूर लें.)